

प्लास्टिक-केमिकल समाज के लिए जहर

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 2 जुलाई। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के ग्वालियर-चंबल संभाग प्रभारी अमिताभ श्रीवास्तव ने कहा कि प्लास्टिक और केमिकल समाज के लिए जहर

हरियाली और समरसता से ही होगा ग्राम विकास : श्रीवास्तव

हैं, हमें इससे समाज को बचाने के लिए जनजागरूकता लानी होगी। गांव में हरियाली और समरसता का भाव ही समग्र ग्राम विकास की कुंजी है। वे मंगलवार को अपने भिंड जिले के एक दिवसीय प्रवास पर थे, जहां उन्होंने गोहद, मेहगांव और भिंड विकासखण्ड की प्रस्फुटन एवं नवांकुर समितियों के कार्यों का निरीक्षण किया।

उन्होंने जनसूचना केंद्र, संस्कार केंद्र, ग्राम नर्सरी का अवलोकन किया और कार्यकर्ताओं को समिति संचालन, ग्राम विकास की अवधारणा, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता जैसे मुद्दों पर मार्गदर्शन दिया।

डॉक्टर्स डे पर हुआ चिकित्सकों का सम्मान : अपने प्रवास के दौरान उन्होंने नवांकुर संस्था नवजीवन सहायतार्थ संगठन द्वारा आयोजित डॉक्टर्स सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर भिंड कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएस यादव, संभाग समन्वयक धर्मेन्द्र सिसोदिया, वरिष्ठ समाजसेवी केशव पांडेय, संस्था संस्थापक नितेश जैन सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भिंड जिले के 70 से अधिक चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। साथ ही श्रीवास्तव और सिसोदिया का भी विशेष रूप से स्वागत किया गया।

प्रस्फुटन समितियों को दिए विकास के मंत्र : गोहद व मेहगांव विकासखंड की समितियों को संबोधित करते हुए श्रीवास्तव ने कहा कि समितियों के कार्य समाज के लिए समर्पित होने चाहिए। यह किसी एक वर्ग, जाति या संगठन की नहीं बल्कि समस्त ग्रामवासियों की साझा इकाई है। उन्होंने कहा कि समितियों को ग्राम स्तर पर संस्कार, स्वच्छता, नशामुक्ति, पर्यावरण और कुरीति उन्मूलन जैसे विषयों पर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हम ग्राम स्तर पर बर्तन बैंक जैसे छोटे-छोटे सामाजिक प्रयोग प्रारंभ करें, तो भविष्य में ये सामाजिक समरसता और पर्यावरण संतुलन का बड़ा आधार बन सकते हैं।

कार्यालय निरीक्षण एवं समन्वयकों की बैठक

प्रभारी अमिताभ श्रीवास्तव ने जिला कार्यालय का निरीक्षण किया और समस्त विकासखण्ड समन्वयकों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने आगामी दिनों में परिषद द्वारा लीडरशिप प्रोग्राम के अंतर्गत बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू एडमिशन हेतु ठोस रणनीति बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संभाग समन्वयक धर्मेन्द्र सिसोदिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए और आवश्यक सुझाव दिए। कार्यक्रम के समापन पर जिला समन्वयक शिवप्रताप सिंह ने दोनों अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

अवैध हथियार के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 2 जुलाई। पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव के निर्देशन में जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक और नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन सिंह राजपूत के मार्गदर्शन तथा थाना देहात प्रभारी निरीक्षक मुकेश शाक्य के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम चरथर रोड बिजलीघर के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक 12 बोर की इकनाली अवैध बंदूक बरामद की गई है।

पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध भारतीय शस्त्र अधिनियम (आर्म्स एक्ट) के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है और मामले की विवेचना जारी है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी को यह अवैध हथियार कहां से मिला, इसका स्त्रोत क्या है और इसमें किन-किन लोगों की संलिप्तता हो सकती है। इस सफल कार्रवाई में निरीक्षक मुकेश शाक्य के साथ उप निरीक्षक अजय यादव, उप निरीक्षक बलराम यादव, प्रधान आरक्षक हरवीर गुर्जर, आरक्षक अशोक यादव, धर्मेन्द्र यादव एवं राहुल शुक्ला की सराहनीय भूमिका रही। भिंड पुलिस का यह अभियान जिले में अवैध हथियारों, शराब तथा आपराधिक तत्वों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई करते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में लगातार जारी है।

प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर पर भड़की कांग्रेस

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 2 जुलाई। अशोकनगर जिले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी भिंड ने बुधवार को जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा के नेतृत्व में एसपी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव को ज्ञापन सौंपते हुए एफआईआर को तत्काल निरस्त करने की मांग की।

इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि यह एफआईआर पूरी तरह राजनीति से प्रेरित है और सत्ता का दुरुपयोग करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को झूठे आरोपों में फंसाया गया है। जिलाध्यक्ष कुशवाह ने बताया कि ग्राम मुहरा निवासी गजराज लोधी और रघुराज लोधी ने गांव के सरपंच पुत्र द्वारा की गई मारपीट की शिकायत जीतू पटवारी से की थी। इस घटना का वीडियो भी वायरल हुआ, जिसमें पीड़ित अपनी आपबीती रो-रोकर बयान कर रहे हैं। इसके बाद प्रशासन द्वारा पीड़ितों पर दबाव डालकर झूठा शपथ पत्र दिलवाया गया और जीतू पटवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई।

शादी के आठवें महीने फांसी पर लटकी नवविवाहिता

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 2 जुलाई। जिले के सेमरपुरा गांव में बुधवार सुबह 20 वर्षीय नवविवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

मां ने ससुराल पक्ष पर लगाया हत्या का आरोप

लेकिन शरीर पर चोटों के निशान मिलने से मामला आत्महत्या से अधिक हत्या की ओर इशारा कर रहा है। मृतका की मां ने ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग पूरी न होने पर बेटी की हत्या कर शव को फांसी पर लटकाने का गंभीर

आरोप लगाया है।

मृतका की पहचान शाजिया पत्नी रहीम खान निवासी सेमरपुरा के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, और मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई है।

शादी के बाद से दहेज की मांग, मारपीट का सिलसिला : शाजिया की मां गजला खान ने बताया कि उन्होंने 14 जून 2024 को बेटी की शादी रहीम खान से की थी, जो सेमरपुरा मोड़ पर टायर पंचर की दुकान करता है। लेकिन शादी के कुछ दिन बाद से ही रहीम और उसके परिजन 50 हजार रुपये दहेज की मांग करने लगे और शाजिया को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। मां ने बताया कि बेटी को प्रताड़ना से तंग आकर मायके ले आई थीं, लेकिन 22 जून को रहीम ने आकर सुलह का वादा करते हुए शाजिया को फिर से ससुराल ले गया था। इसके बाद बुधवार सुबह मौत की खबर आई, जिसने पूरे परिवार को झकझोर दिया।

शरीर पर चोटों के कई निशान, ससुराल पक्ष फरार : घटना के बाद जब परिजन जिला अस्पताल पहुंचे तो उन्होंने शरीर पर चोटों के स्पष्ट निशान देखे, जिससे हत्या की आशंका और गहरी हो गई। मृतका की मां ने स्पष्ट आरोप लगाया कि पहले मारपीट कर बेटी को लटका दिया गया, ताकि मामले को आत्महत्या का रूप दिया जा सके। घटना के बाद से ससुराल पक्ष के सभी सदस्य फरार हैं।

पुलिस ने जांच शुरू की

नवविवाहिता की संदिग्ध मौत की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर शव को पीएम के लिए भेजा गया है। शरीर पर चोट के निशान हैं। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध लग रहा है। मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट व परिजनों के बयान के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

– अतुल सिंह भदौरिया, थाना प्रभारी, बरोही

गलत लोकेशन से उपस्थिति दर्ज करना अनुशासनहीनता

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 2 जुलाई। कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने सभी कार्यालय प्रमुखों को सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा है कि सार्थक एप्लिकेशन के माध्यम से कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज करने में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं।

कुछ कर्मचारी अपनी वास्तविक कार्यस्थल के बजाय अन्यत्र स्थानों से उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं, जिससे कार्यक्षमता, उत्तरदायित्व एवं पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं।

कलेक्टर श्रीवास्तव ने कहा कि यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक

और अनुशासनहीनता की श्रेणी में आती है, जिसे कतई सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि वे अपने तथा अधीनस्थ सभी कर्मचारियों की सार्थक एप पर दर्ज उपस्थिति की लोकेशन की जांच करें और यह सुनिश्चित करें कि उपस्थिति केवल वास्तविक कार्यस्थल से ही दर्ज की जा रही हो। यदि किसी कर्मचारी की लोकेशन गलत पाई जाती है, तो संबंधित कार्यालय प्रमुख उसे तुरंत जिला ई-गवर्नेंस कार्यालय के माध्यम से लोकेशन रीसेट करवाने के लिए निर्देशित करें।

यह प्रक्रिया शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की गड़बड़ियों से बचा जा सके। कलेक्टर श्रीवास्तव ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में भी कोई कर्मचारी गलत लोकेशन से उपस्थिति दर्ज करता पाया गया, तो उसे अनुशासनहीनता मानते हुए नियमों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। इसमें वेतन कटौती, सेवा समाप्ति या अन्य विभागीय दंड शामिल हो सकते हैं।

उन्होंने कहा कि यह निर्देश न केवल एक औपचारिकता है, बल्कि कार्यालयों की जवाबदेही और प्रशासनिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने का प्रयास है। विभाग प्रमुखों को इस आदेश का अक्षरश: पालन करने के निर्देश दिए गए हैं और यह भी कहा गया है कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

खुले में मीट बेचने पर होगी चालानी कार्रवाई

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 2 जुलाई। शहर की साफ-सफाई व्यवस्था और स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष

नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील वाल्मीकि ने दी चेतावनी

प्रतिनिधि सुनील वाल्मीकि, स्वास्थ्य अधिकारी राजीव जैन, सहायक गुप्ता एवं दरोगा महेश ने बुधवार को मीट मंडी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दुकानदारों को खुले में मीट

बेचने पर सख्त चेतावनी दी।

सुनील वाल्मीकि ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब कोई भी दुकानदार खुले में मीट बेचेगा या सड़क पर कचरा फेंकेगा, तो उसके खिलाफ चालानी कार्रवाई के साथ-साथ कड़ी प्रशासनिक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि मीट के कचरे को सड़क पर फेंकने से बदबू फैलती है, जिससे आम जनता को परेशानी होती है और स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। नगर पालिका की टीम ने शहर के अन्य वार्डों का भी भ्रमण किया। इस दौरान डॉक्टर लैंड और सब्जी मंडी में पहुँचकर व्यापारियों और आम जनता से प्रत्यक्ष संवाद किया गया। नागरिकों द्वारा बताई गई समस्याओं को सुनकर संबंधित कर्मचारियों और इंजीनियरों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। नगर पालिका का यह अभियान शहर में स्वच्छता और जनस्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि यह निरीक्षण अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सकराया हाईस्कूल के प्राचार्य अशोक शर्मा सेवानिवृत्त

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 2 जुलाई। सकराया हाईस्कूल में पदस्थ प्राचार्य अशोक शर्मा बुधवार को सेवानिवृत्त हुए। इस इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ द्वारा एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें

भावभीनी विदाई समारोह आयोजित

क्षेत्र के अनेक शिक्षाविदों, गणमान्य नागरिकों, छात्रों और ग्रामीणजनों ने भाग लेकर उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी।

कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी कृष्णगोपाल शर्मा, संकुल प्राचार्य जवासा राजीव

शर्मा, प्रतापपुरा स्कूल प्राचार्य अरुण तोमर, परा हाईस्कूल प्राचार्य परमानंद दीक्षित, देहरा हाईस्कूल प्राचार्य रामवरन बौहरे, बिजोरा हाईस्कूल प्राचार्य संजीव द्विवेदी, जमसारा संकुल प्राचार्य आरसी पांडेय सहित अन्य अनेक विद्यालयों के शिक्षक और स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

इस मौके पर प्राचार्य अशोक शर्मा ने हाईस्?कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को क्रमश: 1500 रुपए, 1000 रुपए व 500 रुपए की राशि प्रदान की गई, जबकि अन्य उत्तीर्ण छात्रों को भी 200-200 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गई। समारोह के दौरान भुवनेश अग्निहोत्री, भुवनेश शर्मा, उमाशंकर शर्मा, संजीव बरुआ, राजीव भदौरिया, अशोक तिवारी, विनीत तिवारी, ब्रजेश दीक्षित, राजेन्द्र दीक्षित, पंकज शर्मा, देवेंद्र भदौरिया, नीलम सारस्वत, अभय यादव, रामवीर यादव, आशाराम श्रीवास, शिवकुमार राजपूत, जनपद सदस्य रामप्रकाश शर्मा, श्याम सिंह भदौरिया, मुकेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण एवं छात्र उपस्थित रहे। अपने विदाई संबोधन में श्री शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय परिवार ने जो स्नेह और सहयोग उन्हें दिया, वह उनके हृदय में हमेशा अमिट रहेगा। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक का कर्तव्य केवल पठन-पाठन तक सीमित नहीं होता, बल्कि छात्र-छात्राओं के जीवन में संस्कार और मूल्य रोपित करना भी उसका दायित्व होता है। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों और अतिथियों ने श्री शर्मा के सेवाकाल को प्रेरणादायी बताया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह पूरी तरह भावुकता, सम्मान और प्रेरणा से परिपूर्ण रहा।

आंगनबाड़ी केन्द्रों में लापरवाही पर एसडीएम की सख्ती

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 2 जुलाई। अनुविभागीय दंडाधिकारी विजय यादव लगातार क्षेत्र भ्रमण कर आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति, बच्चों की उपस्थिति और भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। बीते दिनों उन्होंने दमनापुरा, महदंवा और इंदुरखी जैसे ग्रामों का निरीक्षण किया, जहाँ केंद्रों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक पाई गई।

निरीक्षण के दौरान देखा गया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर न तो मीनू अनुसार गर्म पका हुआ भोजन बच्चों को दिया जा रहा है और न ही बच्चों की उपस्थिति संतोषजनक पाई गई। ग्रामीणों ने भी एसडीएम को अवगत कराया कि सुपरवाइजर न तो समय पर भ्रमण करती हैं और न ही कार्य में पारदर्शिता दिखती है। एसडीएम विजय यादव ने पाया कि महिला एवं बाल विकास विभाग के

सुपरवाइजर निर्धारित 12 मासिक भ्रमणों का पालन नहीं कर रहे हैं। निरीक्षण में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता अत्यंत घटिया पाई गई, जिससे बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य पर सीधा असर पड़ रहा है।

सभी 8 सुपरवाइजरों का किया गया सेक्टर परिवर्तन : स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम लहार ने कार्रवाई करते हुए सुपरवाइजर रजनी शर्मा, सुमन राजोरिया, रेनू चतुर्वेदी, दीपा कुमारी, आरती सोलंकी, पप्पू देवी, रीना राठौर एवं रिंकी राजावत — इन सभी को नवीन सेक्टरों में स्थानांतरित करने का आदेश जारी किया है। ये सभी सुपरवाइजर वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थ थीं।

लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई : एसडीएम विजय यादव ने स्पष्ट कहा कि आगामी निरीक्षणों में यदि लहार और रौन विकासखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाई गई, तो संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और सुपरवाइजर के विरुद्ध निलंबन सहित कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार बच्चों के पोषण और शिक्षा को लेकर गंभीर है और इसमें लापरवाही करने वाले किसी भी कार्मिक को बख्शा नहीं जाएगा।

मालनपुर थाना प्रभारी ने ली शांति समिति की बैठक

मालनपुर, 2 जुलाई। मोहर्रम पर्व के अवसर पर साम्प्रदायिक सौहार्द, सुरक्षा व्यवस्था एवं सतर्कता बरतने के संबंध में मालनपुर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सोनी ने थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजि की द्य बैठक में नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे जिसमें थाना प्रभारी ने मोहर्रम के त्यौहार पर नगर वासियों से शांति व्यवस्था बनाने अपील की और ताजियों को लेकर चर्चा की द्य बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी रेहान अली, ए एस आई अब्दुल समीम, रॉकी जैन, सोहवत खान, जिन्ने खान, जिया शाह, मेहंदी हसन ,शमशाद खान, शब्बीर खान ,आमिर खान, हफीज खान ,इब्राहिम खान आदि कस्बे के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

टीमवर्क को प्रोत्साहित करने रखी लीडरशिप बैठक

नवभारत न्यूज
मालनपुर, 2 जुलाई। शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों को अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने, शिक्षक शिक्षण गुणवत्ता में नवाचारों को अपनाने तथा टीमवर्क को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हेतु एसआरएफ फाउंडेशन द्वारा संचालित रूरल एजुकेशन प्रोग्राम भिण्ड के तहत चयनित दस शासकीय विद्यालयों के संस्था प्रधान एवं शिक्षकगणों के साथ एचएम लीडरशिप मीटिंग का आयोजन पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय गोहद में किया गया। बैठक की शुरुवात एसआरएफ फाउंडेशन प्रतिनिधि रामलखन एवं विनय कुमारिया के

द्वारा सभी शिक्षकगणों का सप्रेम स्वागत करते हुए चेतना गीत निपुण बनाना है भारत को लक्ष्य सभी ने ठाना है नामक गीत से की गई एवं बैठक के उद्देश्यों को साझा किया।

इसी क्रम फाउंडेशन के जिला कार्यक्रम अधिकारी चैनसिंह किरार ने सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए एसआरएफ फाउंडेशन की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यालयों में आने वाले समय में बाल कैबिनेट, इको क्लब, साइंस क्लब का गठन

किया जाएगा तथा मंथली प्रोजेक्ट जैसी रचनात्मक गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी।इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य धर्मेन्द्र भारद्वाज ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि एसआरएफ फाउंडेशन के सहयोग से छात्रों में नेतृत्व की भावना विकसित हो रही है और शैक्षणिक गतिविधियों में भी सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए इंटरवेंशन स्कूलों के सभी संस्था प्रमुखों के लिए मोटिवेशनल ट्रेनिंग एवं एक्सपोजर विजिट का अनुरोध किया गया।बैठक के अंत में सभी शिक्षकगणों ने विद्यालय परिसर का भ्रमण करते हुए मैथ पार्क और साइंस कक्ष का अवलोकन किया गया। सभी शिक्षकगणों ने विद्यालय की व्यवस्था और नवाचारों की प्रशंसा की।बैठक के दौरान संकुल प्राचार्य धर्मेंद्र भारद्वाज पीएम श्री कन्या स्कूल गोहद, प्राचार्य श्री सुरेश शर्मा ,प्राचार्य अरविंद सिंह तोमर एसआरएफ से जिला कार्यक्रम अधिकारी चैनसिंह किरार ,प्रॉजेक्ट एसोसिएट रामलखन फील्ड ऑफिसर सुभाष बंसल, पुष्पेन्द्र सिंह ,10 संस्था प्रधान सहित 22 शिक्षक उपस्थित रहे।